**विरोध** | जमुना कॉलोनी की जनता सड़कों पर उतरी, महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

# कॉलरी आवास खाली कराने के नोटिस पर जनाक्रोश





**जमुना कोतमा नवभारत 22 दिसंबर।** सोमवार को कॉलरी प्रबंधन द्वारा जमुना कॉलोनी में निवासरत परिवारों को क्वार्टर खाली कराने के लिए दिए गए नोटिस के विरोध में क्षेत्र में जबरदस्त जनाक्रोश देखने को मिला। नगर पालिका परिषद पसान के उपाध्यक्ष अजय ताराचंद यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष एकत्र हुए और प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि जमुना-कोतमा क्षेत्र का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आता है, जबकि कुछ भाग ग्राम सभा में शामिल है। क्षेत्र में कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल द्वारा कोयला उत्पादन किया जा रहा है और वर्षों पहले कंपनी द्वारा श्रमिकों के लिए आवास बनाए गए थे। वर्तमान में श्रमिकों की कमी के कारण कई क्वार्टर खाली बताए जा रहे हैं, जबकि अनेक आवासों में स्थानीय नागरिक वर्षों से निवास कर रहे हैं

## क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का होगा जमावड़ा

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इन आवासों को अचानक खाली कराने से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों, चोरी, नशे और जंगली जानवरों का खतरा बढ़ेगा, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित होगी। वहीं, आसपास के व्यापारी, छोटे दुकानदार और स्थानीय लोग भी सीधे तौर पर प्रभावित होंगे, जिससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां ठप होने की आशंका है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में क्वार्टर खाली कराए जाने के बाद कई मकान जर्जर हो गए, खिड़की-दरवाजे टूट गए और वे असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गए।

## क्वार्टर खाली कराने की प्रक्रिया तत्काल रोकी जाए : यादव

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रबंधन द्वारा गरीब परिवारों को घर से बेदखल करने की तैयारी की जा रही है, जो पूरी तरह विरोधाभासी है। उपाध्यक्ष अजय ताराचंद यादव के नेतृत्व में महाप्रबंधक को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि क्वार्टर खाली कराने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और प्रशासनिक स्तर पर सभी पक्षों से चर्चा कर न्यायसंगत निर्णय लिया जाए।



# रेल आवास और कॉलोनी का करें विकास


**प्रतिनिधिमंडल ने एडीईएन से की चर्चा**

**अनूपपुर, नवभारत।** रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष एवं शहडोल शाखा प्रभारी लक्ष्मण राव के नेतृत्व में मजदूर कांग्रेस एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थ सहायक मंडल अभियंता (एडीईएन) शहडोल ब्रजेश नारायण पाण्डेय से प्रथम परिचय बैठक की। बैठक में शहडोल, बुढ़ार, अमलाई एवं अनूपपुर क्षेत्र के रेलवे आवासों की मरम्मत, सड़कों की स्थिति तथा रेलवे कॉलोनियों के समग्र विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मजदूर कांग्रेस शहडोल शाखा के सचिव बालकृष्ण बंगारी, ओबीसी एसोसिएशन शहडोल के सचिव एसएल नामदेव, एसटी-एससी एसोसिएशन शहडोल के सचिव लोकेश मीना, एसटी-एससी एसोसिएशन अनूपपुर के अध्यक्ष प्रमोद गौर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एडीईएन पाण्डेय ने कार्यवाही का दिया आश्वासन

प्रतिनिधिमंडल द्वारा एडीईएन के समक्ष विभिन्न महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। इनमें शहडोल स्थित काली मंदिर के सामने चिल्ड्रन पार्क के नवीनीकरण, फुटबॉल ग्राउंड शहडोल के समतलीकरण, शहडोल रेलवे कॉलोनी में जर्जर नालियों की मरम्मत, अनूपपुर में नए पीडब्ल्यूआई कार्यालय का निर्माण तथा अनूपपुर रेलवे इंस्टिट्यूट के जीर्णोद्धार की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। एडीईएन ब्रजेश नारायण पाण्डेय ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# क्रिसमस को लेकर तैयारियां जोरों पर



**सजने लगे चर्च, घर एवं सार्वजनिक स्थल**

**अनूपपुर, नवभारत 22 दिसंबर।** ईसाई समाज का प्रमुख पर्व क्रिसमस डे 25 दिसंबर को जिले भर में श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव को लेकर चर्चों, घरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर तैयारियां जोरों पर हैं। चर्चों को आकर्षक रोशनी, रंगीन झालरों और क्रिसमस ट्री से सजाया जा रहा है, वहीं बाजारों में भी पर्व को लेकर विशेष रौनक देखने को मिल रही है।

क्रिसमस की पूर्व संध्या पर जिले के विभिन्न चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पादरियों द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए प्रेम, करुणा, शांति और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। 25 दिसंबर की सुबह विशेष प्रार्थना सभाओं के साथ पर्व का शुभारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। पर्व को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## प्रेम, सद्भाव और मानवता का संदेश देने वाला पर्व

इसके साथ ही समाजसेवी संगठनों द्वारा जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र एवं उपहार वितरण की भी तैयारियां की जा रही हैं। क्रिसमस डे केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और मानवता का संदेश देने वाला अवसर है। ईसाई समाज के साथ-साथ अन्य समुदायों के लोग भी इस पर्व में सहभागिता कर आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हैं।



## अंकित यादव ने जिले का नाम किया रोशन

अनूपपुर, नवभारत। 49वीं जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल खेलकूद प्रतियोगिता में अनूपपुर जिले के होनहार खिलाड़ी अंकित यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले सहित पूरे मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 16 दिसंबर से 22 दिसंबर तक पिलानी, झुंझुनू (राजस्थान) में आयोजित की गई थी। मध्य प्रदेश वॉलीबॉल संघ के महासचिव एवं वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष हरि सिंह चौहान तथा मध्य प्रदेश वॉलीबॉल चयन समिति के अध्यक्ष प्रणव मजूमदार के मार्गदर्शन में अंकित यादव का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ।

# जिले के औद्योगिक विकास का भविष्य निशाने पर

**अनूपपुर में तथ्यहीन और भ्रामक जानकारियां फैलाई जा रहीं, जिले की छबि खराब करने का प्रयास**





**अनूपपुर, नवभारत।** अनूपपुर जिला शासन की विकास नीति में औद्योगिक विस्तार एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभर रहा है। ऊर्जा, खनन एवं अन्य औद्योगिक परियोजनाओं के माध्यम से जिले में रोजगार सृजन, आर्थिक मजबूती और आधारभूत ढांचे के विकास की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

शासन-प्रशासन का स्पष्ट उद्देश्य अनूपपुर को निवेश के अनुकूल बनाकर समग्र विकास की राह पर आगे बढ़ाना है। इसी बीच औद्योगिक परियोजनाओं को लेकर कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा तथ्यहीन और भ्रामक जानकारियां फैलाए जाने का मामला सामने आया हैं।

## निजी हितों के चलते निवेशकों पर बनाया जा रहा दबाव

जानकारों का कहना है कि निजी हितों के चलते निवेशकों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है और आम जनता के बीच भ्रम फैलाकर औद्योगिक विकास की गति को धीमा करने की कोशिश की जा रही है। इससे न केवल जिले की छवि प्रभावित हो रही है, बल्कि भविष्य की निवेश संभावनाओं पर भी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है।

## सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो विकास पर पड़ेगा असर

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो इसका सीधा असर रोजगार के अवसरों और क्षेत्रीय विकास पर पड़ेगा। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह तथ्यों के आधार पर स्थिति को स्पष्ट करे, भ्रम फैलाने वालों पर कठोर कदम उठाए और उद्योगों को सुरक्षित व निर्बाध रूप से कार्य करने का वातावरण उपलब्ध कराए।

## पारदर्शी कार्रवाई से मिलेगी नई दिशा

स्थानीय लोगों और उद्योग जगत का कहना है कि औद्योगिक विकास ही अनूपपुर के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। ऐसे में प्रशासन की सक्रिय भूमिका और पारदर्शी कार्रवाई जिले के विकास को नई दिशा देने में निर्णायक साबित हो सकती है।

# भटगांव ओवरऑल चैंपियन, हसदेव क्षेत्र रनरअप

**एसईसीएल अंतर-क्षेत्रीय नारी शक्ति खेल महोत्सव का समापन**




**राजनगर, नवभारत 22 दिसंबर।** एसईसीएल हसदेव क्षेत्र में आयोजित अंतर-क्षेत्रीय नारी शक्ति खेल महोत्सव का समापन सद्भावना खेल परिसर, क्षेत्रीय मुख्यालय में हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एसईसीएल हरीश दुहन रहे। इस अवसर पर श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल की अध्यक्षा शशि दुहन की उपस्थिति भी रही।

खेल महोत्सव 20 और 21 दिसंबर को आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और खेल भावना को प्रोत्साहित करना था। आयोजन श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन तथा महिला मंडल की उपाध्यक्ष अनीथा फ्रैंकलिन, इप्सिता दास, हसीना कुमार, विनीता जैन एवं शुभश्री महापात्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## बैडमिंटन में विनीता व साथी ने खिताब जीता

महोत्सव के दौरान बैडमिंटन (45 वर्ष से कम) में मुख्यालय बिलासपुर की विनीता जैन व साथी रेड्डी विजेता रहीं, जबकि 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अन्नपूर्णा ठाकुर व डॉ. आशा रॉय की जोड़ी ने बाजी मारी। कैरम में गेवरा क्षेत्र की अनुषा बी, शतरंज में हसदेव क्षेत्र की रतनी साहू, फ्लाइंग डिस्क में भटगांव की मालती सिंह विजेता रहीं। 50 मीटर दौड़ में 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में कोरबा की गायत्री तथा 45 वर्ष से कम आयु वर्ग में भटगांव की चंद्रमनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस खेल उत्सव में भटगांव की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी, जबकि हसदेव क्षेत्र रनरअप रहा।

## यह सामूहिक ऊर्जा का उत्सव है : दुहन

अपने संबोधन में हरीश दुहन ने कहा कि यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और सामूहिक ऊर्जा का उत्सव है। ऐसे आयोजन महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं।

उन्होंने विजेता एवं सभी प्रतिभागियों की सराहना की। कार्यक्रम के आरंभ में क्षेत्रीय महाप्रबंधक हसदेव क्षेत्र मनोज बिशनोई ने अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया। संचालन नितिन गुप्ता एवं तृप्ति पांडेय ने किया।

## कृषक भ्रमण सह प्रशिक्षण हेतु 30 कृषकों का दल रवाना

**अनूपपुर, नवभारत।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जिले के 30 कृषकों को राज्य के बाहर आयोजित पांच दिवसीय कृषक भ्रमण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आरक्षित वाहन से रवाना किया गया। कृषकों के इस दल को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह, कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राठौर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं चयनित कृषक उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को जैविक खेती, नर्सरी में आधुनिक एवं वैज्ञानिक पद्धति से पौध उत्पादन, उद्यानिकी फसलों की उन्नत तकनीक तथा नवाचारों की जानकारी दी जाएगी।

# बार-बार चुनाव से विकास कार्य होते हैं बाधित




**स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 22 दिसंबर।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय कोतमा में स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन के तत्वावधान में छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक राष्ट्र-एक चुनाव के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष हनुमान गर्ग ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव देश के लिए अत्यंत आवश्यक है और इसके सकारात्मक परिणाम भविष्य में स्पष्ट रूप से देखने को मिलेंगे। इससे देश का समय, संसाधन और धन की बचत होगी।

## चुनावों पर खर्च होती हैं भारी भरकम राशि : डॉ. शर्मा

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. वीरेंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों के कारण बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू होती है, जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं। चुनावों पर खर्च होने वाली बड़ी राशि यदि बचाई जाए तो उसे शिक्षा और विकास कार्यों में लगाया जा सकता है। भाजपा जिला मंत्री प्रभात मिश्रा ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत नींव साबित होगा और यह देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## शैक्षणिक कार्य होता है प्रभावित : जैन

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष कोतमा पुष्पेंद्र जैन ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से शिक्षकों की चुनावी ड्यूटी लगती है, जिससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित होता है। इस दिशा में सुधार की आवश्यकता है। कार्यक्रम का सफल संचालन स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन के जिला संयोजक सजल जैन ने किया जबकि आभार प्रदर्शन जिला सह-संयोजक नीतीश सिंह द्वारा किया गया।




# पुरानी यादों को ताजा कर हुए भाव विभोर, शिक्षकों का लिया आशीर्वाद

**सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित**

**राजनगर, नवभारत 22 दिसंबर।** कोयलांचल क्षेत्र रामनगर, राजनगर, पौराधार एवं बिजुरी से लगे मनेन्द्रगढ़ में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में पहली बार पूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित किया गया। रविवार 21 दिसंबर को सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, मनेन्द्रगढ़ में आयोजित यह समागम ऐतिहासिक रहा। वर्ष 1970 में स्थापित विद्यालय के इस प्रथम पूर्व छात्र सम्मेलन में वर्ष 1983 से 2005 तक के विभिन्न बैचों से शिक्षार्जन कर चुके विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सम्मेलन का शुभारंभ प्रातः 8 बजे प्रार्थना के साथ हुआ। पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने विद्यालयीन जीवन के अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने अपने विद्यालय के स्वर्णिम पलों को स्मरण करते हुए शिक्षकों का आशीर्वाद प्राप्त किया। सायंकाल घोष दल के साथ विद्यालय परिसर से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो भगत सिंह तिराहा, जैन मंदिर, गुरुद्वारा, विवेकानंद चौक एवं राम मंदिर होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुई।

**भ्रमण** | अमरकंटक के शंभूधारा सरोवर में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित, वन क्षेत्रों में उपलब्ध औषधीय पौधों की जानकारी दी

# वन भ्रमण कर बच्चों ने जाना वनों का महत्व, संरक्षण का लिया संकल्प



**अनूपपुर, नवभारत।** अमरकंटक के शंभूधारा सरोवर में सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को वन भ्रमण कराते हुए प्रकृति, वनों की संरचना, वन्य प्राणियों तथा वनों के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों ने प्रकृति और वनों के संरक्षण का संकल्प लिया। मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के कुल 126 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रेरक प्रदीप कुमार खत्री, शशिधर अग्रवाल, जमुना सिंह मार्को, रमाकांत पटेल, रामेश्वर पटेल एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी विजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले साल वनों, उनके महत्व, जल स्तर बनाए रखने में साल वनों की भूमिका, अन्य वृक्ष प्रजातियों के महत्व तथा वन क्षेत्रों में उपलब्ध औषधीय पौधों की जानकारी दी गई।

## सांपों से बचाव की दी जानकारी

इसके साथ ही दीमक के घर, वृक्षों द्वारा प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया, साल, पीपल एवं बरगद जैसे वृक्षों से प्राप्त ऑक्सीजन, बाघ को छाता प्रजाति के रूप में समझाते हुए उसके माध्यम से अन्य वन्य प्राणियों के संरक्षण की जानकारी दी गई।

बच्चों को विभिन्न प्रजाति के सांपों की पहचान, उनसे बचाव तथा सर्पदंश की स्थिति में समय पर शासकीय अस्पताल में उपचार कराने के महत्व से भी अवगत कराया गया।

## चिपको आंदोलन से कराया अवगत

कार्यक्रम के दौरान चिपको आंदोलन के माध्यम से बच्चों को वृक्षों से चिपकाकर उनसे संवाद कराया गया और वृक्ष संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। ताली बजाकर ऊर्जा प्राप्त करने, ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति का अनुभव भी कराया गया। इसके अतिरिक्त प्रकृति, वन एवं वन्य प्राणियों से संबंधित मौखिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई

नगर परिषद अमरकंटक की अध्यक्ष पार्वती बाई उईके ने सभी को वन संरक्षण, प्रकृति की रक्षा, स्वच्छता बनाए रखने एवं प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पार्षद विमला दुबे, स्टेट बैंक अमरकंटक के प्रबंधक गौरव उपाध्याय एवं एमपीटी प्रबंधक अतुल अस्थाना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उप वन परिक्षेत्र अधिकारी आलोक कुमार सिंह, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, वन विभाग के वनपाल, वनरक्षक, वन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।